No. of Printed Pages/Questions: 3/5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - I (2023 – 2024)

Class -XII **MM:20**

Subject: HINDI **Time: 1 Hr**

Name: .... Roll No.: ....

General Instructions: All questions are compulsory

प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **(1X4=4)**

जिस देश को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, जहाँ कभी दूध की नदियाँ बहा करती थी, वहाँ आज असंख्य लोगों को रहने के लिए घर, तन ढकने के लिए वस्त्र, और खाने के लिए भोजन भी नहीं मिल पाता। इसका एक मात्र कारण है– जनसंख्या की अत्यधिक वृद्धि। यद्यपि जनसंख्या की अत्यधिक वृद्धि। यद्यपि जनसंख्या किसी राज्य का प्रमुख तत्व है, उसके बिना किसी राज्य एवं जाति की कल्पना नहीं की जा सकती, किंतु 'अति सर्वत्र वर्जयेत्।' भारतवर्ष में जनसंख्या की अत्यधिक वृद्धि के कुछ विशेष कारण है, जिसमें बाल–विवाह , बहु–विवाह, अशिक्षा, रूढ़िवादिता, ग्रामीण–क्षेत्रों में परिवार नियोजन के नवीनतम साधनों का कम प्रचार व अनभिज्ञता, पुत्र की अनिवार्यता आदि शामिल हैं। जनसंख्या वृद्धि के कारण भारत में सर्वत्र अशिक्षा, गरीबी बेरोजगारी, निम्न जीवन स्तर, अस्वस्थता, खाद्यान्न संकट आदि अनेक समस्याएँ निरंतर बढ़ रही हैं। जनसंख्या का यह विस्फोट भारत के लिए अभिशाप बन गया है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री माल्थस का विचार है कि "जनसंख्या की वृद्धि ज्यामितीय गति से होती है, जबकि उत्पादन अंकगणितीय गति से ।" प्रथम पंचवर्षीय योजना में परिवार नियोजन कार्यक्रम केवल शहरी अस्पतालों तक ही सीमित रहा। द्वितीय पंचवर्षीय योजना में इन कार्यक्रमों को गाँव तक पहुँचाने की चेष्टा की गई।

(i) आज भारत में बहुत से लोगों को घर, वस्त्र और भोजन की आपूर्ति नहीं हो पाती, क्योकि कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए –

1 जनसंख्या वृद्धि अत्यंत तीव्र गति से बढ़ रही है जबकि उत्पादन बहुत ही कम मात्रा में हो रहा है

2 जनसंख्या वृद्धि ज्यामितीय गति से,, जबकि उत्पादन अंकगणितीय गति से वृद्धि करता है।

3 नवीनतम साधन अनुपलब्ध हैं

4 जनसंख्या अंकगणितीय गति से तथा उत्पादन ज्यामितीय गति से वृद्धि करता है

कूट

अ केवल 1 सही है ब केवल 2 सही है

स 2 और 4 सही है | द 1 और 3 सही है

(ii) गद्यांश के आधार पर बताइए कि भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण कौन–सी समस्याएँ उत्पन्न हुई हैं ?

अ अशिक्षा | ब गरीबी

स बेरोजगारी | द ये सभी

(iii) प्रथम पंचवर्षीय योजना में परिवार नियोजन कार्यक्रम की क्या स्थिति थी ?

अ यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सफल रहा

ब यह केवल शहरी अस्पतालों तक ही सीमित रहा

स यह केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक फैला है

द यह न तो शहरी और न ही ग्रामीण क्षेत्रों में सफल रहा

(iv) कथन (A) जनसंख्या का विस्फोट भारत के लिए अभिशाप बन गया है।

कारण (R) भारत में हर जगह खाद्यान्न, निवास, अस्वस्थता आदि अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो गई है।

अ कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है

ब कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है

स कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

द कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

प्र02 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1X2=2)**

(i) 'भव–सागर' से कवि हरिवंश राय बच्चन का क्या आशय है ?

(अ) भयानक सागर | (ब) काल रूपी सागर

(स) ईश्वर रूपी सागर | (द) संसार रूपी सागर

(ii) भक्तिन ने लेखिका को अपना असली नाम कब बताया ?

(अ) जब वह लेखिका के घर आई थी

(ब) जब वह नौकरी की खोज में आई थी

(स) जब वह चोरी करते पकड़ी गई

(द) उपरोक्त सभी

प्र03 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1X4=4)**

(i) जब यशोधर बाबू ने अपने आखिरी फ़ाइल का फीता बाँधा था तब घड़ी में क्या समय हो रहा था ?

(अ) पाँच बजकर चालीस मिनट (ब) पाँच बजकर पच्चीस मिनट

(स) पाँच बजकर तीस मिनट (द) पाँच बज रहे थे

(ii) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी की मूल संवेदना हो सकती है :

(अ) मानीवय मूल्यों का संकट (ब) पीढ़ी का अंतराल

(स) पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव (द) पारिवारिक असहमति

(iii) चड्ढा ने चूहेदानी कहकर यशोधर बाबू की किस वस्तु का मजाक उड़ाया ?

(अ) साइकिल (ब) घड़ी

(स) चश्मा (द) बैग

(iv) कहानी 'सिल्वर वैडिंग' के अनुसार–'यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती हैं, लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं।' यशोधर बाबू की असफलता का क्या कारण था ?

(अ) किशनदा उन्हें भड़काते थे

(ब) पत्नी बच्चों से अधिक प्रेम करती थी

(स) पीढ़ी के अंतराल के कारण

(द) वे परिवर्तन को सहजता से स्वीकार नही कर पाते थे।

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(3+2=5)**

क भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई। 'भक्तिन' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ख भक्तिन अनेक अवगुणों के होते हुए भी महादेवी जी के लिए अनमोल क्यों थी ?

प्र05 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(3+2=5)**

क जहाँ पर दाना रहते हैं, वही नादान भी होते हैं– कवि हरिवंश राय बच्चन ने ऐसा क्यों कहा होगा ?

ख बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे ? 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता हैं' कविता के आधार पर उत्तर लिखिए।

–––000–––